19 korba- bhoomi pg1_Layout 1 6/20/2024 12:20 AM Page 1

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 20 जून 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

3

संसदीय क्षेत्र की समस्याओं का होगा समाधानः ज्योत्सना




## खबर संक्षेप

### न्यायालय में भृत्य, चौकीदार पद का साक्षात्कार 23 से

**कोरबा।** जिला न्यायालय कोरबा के भृत्य फर्राश दफ्तरी कम फर्राश एवं तथा आकस्मिक निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारी पद की दावा आपत्ति निराकरण पश्चात पात्र पाए गए अभियार्थियो का अभिवृत्ति व कौशल परीक्षा सह - साक्षात्कार तिथि घोषित किया गया है जो आकस्मिकता निधि वेतन पद का 23 जून एवं भृत्य, फर्राश, दफ्तरी कम फर्राश के रिक्त पद हेतु 24 जून से 30 जून तक ए.डी.आर.भवन जिला न्यायालय परिसर कोरबा में आयोजित होना है।

### एपेक्स जेसीसी की बैठक 27 को

**कोरबा।** कोल इंडिया एपेक्स जेसीसी की बैठक 27 जून को कोलकाता में होगी। इसके संभावित एजेंडे की जानकारी कमेटी के सदस्यों को दे दी गई है। हालांकि इसमें इंटक के प्रतिनिधि को फिर जगह नहीं मिली है। महाप्रबंधक (पीएंड आईआर) गौतम बनर्जी ने इसकी जानकारी दी है। बैठक 11 बजे से कोलकाता स्थित कंपनी मुख्यालय में होगी। इस बैठक में बीएमएस के के लक्ष्मणा रेड्डी, एचएमएस के नाथूलाल पांडेय, एटक के रमेंद्र कुमार, सीटू के डीडी रामानंदन, सीएमओएआई के सर्वेश सिंह शामिल होंगे। इंटक के प्रतिनिधि को इसमें नहीं बुलाया गया है। बैठक में उत्पादन, उत्पादका, प्रेषण, गुणवत्ता में सुधार पर चर्चा होगी। इसके अलावा माइंस की क्षमता,उपकरण और मानव संसाधन के अधिकतम उपयोग पर विमर्श किया जाएगा।

### राशन हितग्राहियों का ई केवाईसी व नवीनीकरण 30 तक

**कोरबा।** राज्य के सामान्य श्रेणी एपीएल प्राथमिकता और अंत्योदय अन्न योजना के परिवार के राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी और नवीनीकरण के लिए राज्य स्तरीय अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें सभी योजनाओं के शेष बचे हुए हितग्राहियों को 30 जून तक ई-केवाईसी व नवीनीकरण पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। ईकेवाईसी के लिए शेष बचे हुए हितग्राही को नजदीकी के शासकीय उचित मूल्य दुकान में अपने राशनकार्ड के सभी सदस्यों का ईकेवाईसी आवश्यक रूप से किया जाना सुनिश्चित है।

### आयोजित हुई किसान वृक्ष मित्र योजना की कार्यशाला

**कोरबा।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छग शासन के तत्वाधान में कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत केन्दई रेंज एवं एतमानगर रेंज के किसान एवं कर्मचारी की उपस्थिति में किसान वृक्ष मित्र योजना का कार्यशाला जल विहार बुका में रखा गया। जिसमें केन्दई एवं एतमानगर के किसान मित्र को अभिषेक कुमार दुबे वनक्षेत्रपाल केन्दई देवदत्त खाण्डे वनक्षेत्रपाल एतमानगर, विवेक परासर तकनीकी सहायक वनमण्डल कटघोर एवं ओरिएन्ट पेपर मील के तरफ से दिनेश साकेत उपस्थित रहे। क्लोनल नीलगीरी के बारे में चर्चा कर रोपण, खाद, कीटनाशक पौधा लगाने की विधि एवं अन्य आवश्यक जानकारी दिया गया।

# जुलाई माह के बिजली बिल नए टैरिफ के हिसाब से होंगे जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर


विद्युत वितरण कंपनी ने घरेलू बिजली दर में प्रति यूनिट 20 पैसे की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। नई दर 1 जून से लागू हो गयी है। इसलिए उपभोक्ताओं को जुलाई माह के बिजली बिल में नए टैरिफ के हिसाब से बिल मिलेंगे। जो गर्मी की खपत और बढ़े दर के कारण अधिक मिलेंगे। वहीं जून माह में कंपनी ने सुरक्षा निधि का ब्याज जारी किया है। उसकी राशि उपभोक्ताओं के बिल में समायोजित की गई है। इससे कई लोगों को काफी राहत मिली है।

1 जून से प्रदेश में बिजली महंगी हो गई है। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा घाटा बताकर विद्युत नियामक आयोग को बिजली की टैरिफ में वृद्धि की मांग की थी। इसमें विचार करने के बाद आयोग द्वारा सभी श्रेणियों को मिलाकर 20 से 70 पैसे प्रति यूनिट तक बिजली दर में वृद्धि करने की अनुमति दी है। यह आयोग के निर्देशानुसार 1 जून से लागू हो गई है। इसमें घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल में 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं से बिजली कनेक्शन देते समय सिक्यूरिटी डिपॉजिट की राशि जमा कराई जाती है। जो उपभोक्ताओं द्वारा मांगे गए लोड के 3 माह के बिजली बिल के बराबर होता है। कनेक्शन लेने के बाद खपत में वृद्धि होने पर 12 माह की खपत के आधार पर अतिरिक्त सिक्यूरिटी डिपॉजिट राशि जनवरी माह के बिल में लिया जाता है। उक्त राशि का साल में एक बार उपभोक्ताओं को ब्याज जारी किया गया है, जो जून माह में जारी होता है। इसलिए मई पेड जून के बिजली बिल में एसडी राशि समायोजित की गई है। साथ ही चार सौ यूनिट तक की खपत में पचास प्रतिशत छूट मिल रही है। इससे उपभोक्ताओं के बिल कम आए हैं। बिजली कनेक्शन लेते समय उपभोक्ताओं द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि में साल में एक बार ब्याज दिया जाता है। उस राशि को बिजली बिल में समायोजित किया जाता है। इससे उपभोक्ताओं के बिल कम होने से राहत मिलती है। इसलिए उपभोक्ताओं को जून पेड जुलाई के बिजली बिल झटके दे सकते हैं। वर्तमान में भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग कूलर और एसी का धड़ल्ले से उपयोग कर रहे हैं। जिसके कारण उनकी खपत पहले से अधिक है। अब नई टैरिफ लागू होने से बिजली दर दोगुना वृद्धि हो जाएगी। वहीं मई पेड जून माह के बिजली बिल में उपभोक्ताओं को एसडी राशि में ब्याज जारी हुआ है। उसको बिजली बिल में समायोजित किया गया है। इसलिए बिल राशि में कमी आई है।

## उपभोक्ताओं को सुरक्षा निधि का मिलेगा लाभ

**खास बातें**

- सुरक्षा निधि का ब्याज उपभोक्ताओं के बिल में होगा समायोजित
- उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत



## कम से कम सौ मैनपावर वाली हर यूनिट में वर्कर्स कमेटी का होना है गठन

# वर्कर्स कमेटी के लिए मंगाए नाम श्रमिक संगठनों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला कंपनियों में वर्क्स कमेटी अस्तित्व में आ गई तो यूनियन नेताओं जो कर्मचारी नहीं हैं, उनकी दखलंदाजी बंद हो जाएगी। 30 जून तक कोल कंपनियों में बवर्स कमेटी गठित करने की समय सीमा तय की गई है। एसईसीएल की ओर से एरिया स्तर पर यूनियनों से नाम मांगे जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर श्रमिक संगठनों के अंदर उक्त कमेटी को गठित करने को लेकर विरोध बढ़ता जा रहा है।

श्रम मंत्रालय का वर्क्स कमेटी गठित करने का कोल कंपनियों पर दबाव है। उक्त कमेटी में वही सदस्य रहेंगे, जो कंपनी के कर्मचारी हैं। सेवानिवृत्त या फिर राजनीति में सक्रिय यूनियन सदस्यों को वर्क्स कमेटी में जगह नहीं मिलेगी। एसईसीएल या अन्य कोल कंपनियों में ज्यादातर बड़े यूनियन नेता वैसे हैं, जो राजनीतिक दलों से हैं या कंपनी के कर्मचारी नहीं हैं। मामले पर एसईसीएल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि हर यूनिट में वर्क्स कमेटी गठित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन कोलियरियों में भी कमेटी गठित की जाएगी, जहां कम से कम सौ मैनपावर है। कमेटी में कंपनी के कर्मी ही सदस्य होंगे। इसके लिए यूनियनों को यूनिट स्तर पर नाम मांगे गए हैं। प्रबंधन की ओर से बताया गया कि वर्क्स कमेटी गठित होने पर यूनियनों से संबंधित अन्य कमेटियां मसलन केंद्रीय सलाहकार समिति, सुरक्षा समिति, कल्याण समिति आदि पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। पूर्व की तरह सभी कमेटियां सक्रिय रहेंगी। इधर कुछ यूनियन नेताओं ने बात करने पर कहा कि वर्क्स कमेटी अस्तित्व में आ जाने के बाद अन्य कमेटियों पर असर तय है। औद्योगिक संबंध सहित कई मुद्दों पर वर्क्स कमेटी की काफी अधिकार होगा इसलिए यूनियनों का प्रभाव कम होना तय है।

**खास बात**

- कोयला कंपनी में 30 जून तक करना होगा वर्कर्स कमेटी का गठन

### इको व सोलर पार्क पर जोर

कोयला मंत्रालय सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दे रहा है। एक बार फिर कोल कंपनियों को मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लिए कोल कंपनियां इको पार्क के साथ-साथ सोलन की स्थापना करें। रूफ टॉप के साथ-साथ सीतर पार्क नवीनीकरण पार्क लिए महत्वपूर्ण है। मंत्रालय की ओर से कोल कंपनियों को आरी निर्देश में कहा गया है कि सभी सरकारी भवनों पर पैनल और कोयला रहित क्षेत्रों में सौर परियोजनाओं की स्थापना करें। वर्तमान में संयुक्त कोल इंडिया, एनएलसी इंडिया लिमिटेड सहित प्रमुख कोयला कंपनियों द्वारा स्थापित सौर क्षमता व एससीसीएल लगभग 1700 मेगावाट है। भविष्य की और देखते हुए कोयला क्षेत्र का लक्ष्य नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को 2030 तक 9 गीगावाट से अधिक तक बढ़ाना है।

# सड़क दुघर्टना में कार के उड़े परखच्चे शिक्षक की मौत, तीन घायल



दुर्घटनाग्रस्त कार एवं इनसेट में मृतक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत गांधीनगर निवासी चार शिक्षक मित्र कार से किसी काम को लेकर बिलासपुर गये, शिक्षक अरविंद पैंगोर अपने निजी कार सीजी 12 बीई 0835 में सवार होकर हरदीबाजार गांधीनगर निवासी नवीन अनंत 35 वर्ष, अरविंद पैगोर 43 वर्ष, संतोष भारद्वाज 40 वर्ष व उतरदा निवासी लल्लू श्रीवास चारों कार में सवार होकर बिलासपुर गये वहां से शाम को वापस लौटते समय सीपत होते हुए ग्राम कुकदा से आमानारा के बीच पुल से पहले अंधा मोड़ में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे खंभे को ठोकर मारते हुऐ सड़क से लगभग 100 मीटर दूर जाकर पलट गई। कार को शिक्षक नवीन अनंत चला रहा था। कार के पलटने से नवीन अनंत के सीने व सिर में गंभीर चोट लगने से घटनास्थल पर ⏭ शेष पेज 3 पर

# रिश्वत से जुटाई आय का ब्यौरा खंगाल रही एसीबी की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) बिलासपुर की टीम ने मंगलवार को नगर निगम के दो बड़े अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की थी। जांच आगे बढ़ाते हुए भ्रष्ट अधिकारियों घर तक टीम जा पहुंची है। नगर निगम जोन दफ्तर से रंगे हाथ पकड़ने के बाद दोनों अधिकारियों को सीधे एसीबी की टीम उनके उनके घर लेकर पहुंची।

मामला नगर निगम कोरबा के अधीनस्थ दर्री जोन कार्यालय का है। निगम अधिकारी (एसडीओ) डी.सी. सोनकर ने प्रार्थी मानक राम साहू (ठेकेदार) से निर्माण कार्य सम्बंधित उपयोग भुगतान किए गए,रनिंग बिल व फाइनल बिल की राशि लगभग 21 लाख रुपये में से 2 प्रतिशत कमीशन की मांग की गई थी। जो कि कुल 42 हजार रुपये हो रही थी। लेकिन प्रार्थी द्वारा रिश्वत नहीं देने का मन बनाकर इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर में की थी। वही शिकायत का सत्यापन कराए जाने पर आरोपी सोनकर द्वारा 42 हजार की जगह 35 हजार रुपये लेने हेतु सहमती दी गई। जिसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक अजितेश सिंह की अगुआई में 9 सदस्यों टीम ने निगम के दर्री जोन कार्यालय में दबिश देकर दोनों अधिकारियों को रंगे हाथ धर दबोचा। वही एसीबी टीम की योजना अनुसार आरोपी सोनकर को 35 हजार रुपये देने गया तो सोनकर ने अपने सब इंजीनियर देवेंद्र स्वर्णकार को देने हेतु प्रार्थी मानक राम साहू (ठेकेदार) को कहा। जिस पर प्रार्थी द्वारा आरोपी देवेंद्र को रिश्वत की रकम दर्री जोन कार्यालय में दिया। दोनों अधिकारी रिश्वत लेते रकम के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया है। इस दौरान एसीबी की टीम ने नगर निगम साकेत कार्यालय में उक्त दोनों अधिकारियों के चेंबर में फाइलों को खंगाला। साथ ही साथी कर्मियों से भी पूछताछ की। वही दोनों अधिकारियों के घर की भी तलाशी ली गई है। जिसमें एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों को अहम दस्तावेज के साथ कोई बड़ा सुराग हाथ लगने की जानकारी मिल रही है। आने वाले दिनों में इसका बड़ा खुलासा होने की संभावना है। आरोपी दोनों अधिकारियों को अभिरक्षा में लेकर उनके विरुद्ध धारा 7,12 पीसी एक्ट 1988 के तहत ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम दोनों अधिकारियों के पहुंची घर



निगम अधिकारी के घर जांच करती एसीबी की टीम।

# घर के सोफे में घुसा सांप दहशत में रहा परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मकान के सोफे में सांप घुसने पर लोग दहशत में आ गए। कालोनीवासियों की मदद से रेस्क्यू टीम को बुलाया गया। जिसके बाद टीम ने सांप को पकड़ कर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

मकान मालिक ने बताया कि सोफे पर जैसे ही बैठा उसके अंदर कुछ हलचल की आवाज आई। उसे कुछ देर के लिए लगा कि चूहा होगा लेकिन हलचल होने के बाद उसे आभास हुआ कि सोफे के अंदर सांप है। उसके बाद वह घर से बाहर भागा। इसकी सूचना वन विभाग के रेस्क्यू टीम को दी गई। इसकी सूचना वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू टीम कोरबा के प्रमुख जितेंद्र सारथी को दी गई। सारथी ने थोड़ी देर में टीम को भेजने की बात कही, तब तक निगरानी रखने को कहा। इसके बाद राकेश मानिकपुरी पहुंचे। सोफे से सांप को बाहर निकाला गया। रेस्क्यू टीम ने कहा कि यह धमना सांप है, जो कि जहरीला नहीं होता लेकिन लोग अक्सर इसके आकार और रंग को देख कर डर जाते हैं। उसको सुरक्षित बोरे में बंद किया गया। सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।



Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd

TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Korba To | Zest | Crysta | Today Offer* |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 2999 | 4999 | 1499 |
| Ambikapur / Sambalpur Bargarh / Blangir | 3999 | 5999 | 1999 |
| Jabalpur/ Katni | 4999 | 7999 | 2999 |
| Nagpur / Rewa | 7999 | 11999 | 4999 |
| Ranchi / Bhopal Banara / Prayagraj | 9999 | 16999 | 5999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
*T&C Apply
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp



# पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.). NSDC-SID केन्द्र क्रमांक - TC210200

निम्न तालिका अनुसार छ. ग. के विभिन्न जिलों में **कक्षा 12वीं (बायोलॉजी)** के प्राप्तांको के अनुसार संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम (2024-25) में प्रवेश, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉपोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम) हेतु आवेदन आमंत्रित ।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर एवं कुल सीटें)**

| प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर का नाम | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (EMT) | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (MPHW) |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बिलासपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| मुंगेली | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जांजगीर-चांपा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कोरबा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| रायगढ़ | 60 | 60 | 30 | 30 |
| अम्बिकापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जशपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कबीरधाम /कवर्धा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| महासमुंद | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बेमेतरा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| राजनांदगांव | 60 | 60 | 30 | 30 |

आवेदन हेतु 12वीं कक्षा (बायोलॉजी) से न्यूनतम प्रतिशत अनु. जाति हेतु 45%, अनु. जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट भरें। साथ ही 25 रूपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विद्यार्थी सत्र 2024 में 12वीं उत्तीर्ण किए हैं वह विद्यार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारों को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिंग हेतु पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 20/07/2024 तक**

**कार्यालय का पता :-** NSDC **पैरामेडिकल संस्थान, महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

**प्रति,**

**संचालक**
NSDC **पैरामेडिकल संस्थान**
**महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

पासपोर्ट साइज फोटो

महोदय,

..............................(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ ।

1. आवेदक का नाम..............................
2. पिता/पति का नाम..............................
3. जन्म तिथि अंकों में..............................
4. अनु. जाति/ अनु. जनजाति / पिछड़ा वर्ग ..............................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित..............................

1. मो..............................2. मो..............................व्हाट्सएप नंबर..............................

6. शैक्षणिक योग्यता,..............................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

**कार्यालय संचालक, NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.)**

19 korba-bhoomi pg2_Layout 1 6/20/2024 12:22 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### गीतों के माध्यम से दी जाएगी जाकिर हुसैन को श्रद्धांजलि



**कोरबा।** वॉइस ऑफ़ इंडिया फेम मरहूम जाकिर हुसैन की प्रथम पुण्यतिथि पर 21 जून को शाम 5 बजे से 10 बजे तक गीतांजलि भवन में एक भावभीनी कार्यक्रम स्वरांजली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जाकिर हुसैन को गीतों के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि दी जाएगी। डिस्ट्रिक्ट आर्टिस्ट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित इस स्वरांजलि कार्यक्रम में एसोसिएशन के कलाकारों द्वारा मरहूम जाकिर हुसैन को उनके मनपसंद गीतों के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि दी जाएगी। जिलेवासियों से निवेदन है कि स्वरांजली कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। एसोसिएशन ने सभी जिलेवासियों को कार्यक्रम में पहुंचने अपील की है।

### नेता प्रतिपक्ष डॉ.महंत 21 तक रहेंगे कोरबा प्रवास पर



**कोरबा।** नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत 21 जून तक कोरबा प्रवास पर रहेंगे। प्रातः 11 बजे वे कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके पश्चात 20 जून को प्रातः 10 बजे उरगा (सलिहाभाठा) हेतु प्रस्थान करेंगे। प्रातः 10.30 बजे उरगा पहुंचकर कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात करेंगे। प्रातः 11 बजे उरगा से भैंसमा हेतु प्रस्थान, 11.30 बजे भैंसमा आगमन एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात, दोपहर 12.30 बजे भैंसमा से नोनबिर्रा हेतु प्रस्थान, 1.30 नोनबिर्रा रेस्टहाउस आगमन एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात, दोपहर 2.30 बजे नोनबिर्रा से ग्राम घिनारा हेतु प्रस्थान, 3 बजे घिनारा आगमन एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात, 4 बजे घिनारा से कोरबा प्रस्थान, 5 बजे कोरबा आगमन एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात, 6 बजे टीपी नगर कोरबा के जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात तथा 7.30 बजे रात्रि विश्राम करेंगे। 21 जून प्रातः 11 बजे कोरबा से रायपुर हेतु प्रस्थान करेंगे, दोपहर 03 बजे निज निवास देवेन्द्र नगर रायपुर पहुंचेंगे।

### सप्तदेव मंदिर में महिला मंडल ने 71वें शरबत वितरण को दिया विराम




**कोरबा।** श्री सप्तदेव मंदिर में ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की एकादशी को श्री सप्तदेव मंदिर महिला मंडल की सदस्याओं के द्वारा जन सेवा हेतु शरबत एवं शीतल जल वितरित किये जाने हेतु श्री सप्तदेव मंदिर एवं तिरूपति ऑटो एजेंसी के पास लगाये गये पानी और शरबत प्याऊ का शुभारंभ हिन्दु नर्ष के दिन किया गया जो यथावत सेवा कार्य आज तक जारी है। प्रतिवर्ष महिला मंडल के द्वारा पूरे गर्मी के मौसम में प्रतिदिन सैकडौं राहगीरों को विभिन्न प्रकार के शरबत रसना, मटठा, बेल शर्बत, निबु पानी, अमरस, आम पन्ना, बदाम सेक, सत्तु का शर्बत इत्यादि एवं ठडां शीतल पेय पिलाने की व्यवस्था की जाती रही है ताकि राहगीरों को इस भीषण गर्मी से राहत मिल सकें। इस मौके पर मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी, संजय मोदी, राजा मोदी, गौरव मोदी, सोमदत महाराज, बनवारी शर्मा, नवीन तिवारी, आशीष ठाकुर, सरला मित्तल, किरण मोदी, प्रीति मोदी, शिखा मोदी, बिमला पान, कमला अग्रवाल, उमा डीडवानिआ, उर्मिला डिडवानिया, सुनीता देवडा, शकुन मोदी, अंकिता मोदी, श्रेया मोदी, निकिता मोदी, विद्या अग्रवाल, प्रेमा अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, विमला अग्रवाल सहित बडी संख्या में महिला मंडल की महिलाएं उपस्थित रहें।

### बीमा कंपनियों की बैठक में अधिक से अधिक प्रकरण भेजने पर हुई चर्चा

**कोरबा।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 जुलाई को जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली एवं समस्त राजस्व न्यायालयों में किया जाएगा। सत्येन्द्र कुमार साहू प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा शासकीय बीमा कंपनी के शाखा प्रबंधक एवं अधिवक्तागणों की बैठक ली गई। जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के द्वारा सभी उपस्थित बीमा कंपनी के अधिकारियों एवं अधिवक्तागणों को चर्चा के दौरान निर्देशित दिया गया कि अधिक से अधिक चिन्हांकित प्रकरण जिसमें राजीनामा होने की संभावना हो उसकी सूची शीघ्र प्रदान किया जाए। सभी प्रकरणों में प्रस्ताव आवश्यक रूप से प्रस्तुत किया जाए। बैठक में खगेश कुमार साहू शाखा प्रबंधक यूनाइटेड इंडिया कंपनी कोरबा, केसी सुनील कुमार ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी, प्रताप केरकेट्टा न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, लिमिटेड, बीमा कंपनी के वरिष्ठ अधिवक्ता आरएन राठौर, एसके मोदी, अरूण बजाज, सुमन तिवारी, आवेदक के अधिवक्ता महेन्द्र अग्रवाल, सुनील यादव, सीबी राठौर, हरीश चन्द्र साहू एवं राजकुमार यादव उपस्थित थे। न्यायिक अधिकारियों की बैठक जिला न्यायाधीश द्वारा जिला न्यायालय कोरबा के वीडियो कॉन्फेसिंग कक्ष में रखा गया। जिसमें बाह्य न्यायालय कटघोरा, करतला एवं पाली के न्यायिक अधिकारी वीडियो कान्फेसिंग के माध्यम से उन्हें जोड़ा गया।

---

शहर में आए दिन बिजली सप्लाई में आ रही बाधा

# बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता हलाकान, आखिर कब होगा समाधान


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वैसे तो कोरबा ऊर्जानगरी है, बावजूद इसके उपभोक्ता बिजली की आंखमिचोली से खासे परेशान है। शहर में आए दिन बिजली सप्लाई में बाधा आ रही है जिसका खामियाजा लोगों को उठानी पड़ रही है। वही उपभोक्ता हर रात को किसी भी टाइम बिजली चले जाने से परेशान हैं। एक तो गर्मी की मार ऊपर से बिजली गुल होने की शहरवासी खासे आक्रोशित हैं।

इस संबंध में शहरवासी सोशल मीडिया पर जमकर गुस्से का इजहार कर रहे हैं। हालांकि लोगों को विभाग के कर्मचारियों से भी शिकायत है। कहने को वितरण विभाग के अधिकारी कर्मचारी 24 घंटा ड्यूटी में तैनात हैं लेकिन इस बात को लेकर संशय है कि आखिर इतनी ज्यादा लाइट गुल क्यों हो रही है। विद्युत कंपनी के कोसाबाड़ी स्थित आवासीय कालोनी में भी बुधवार की सुबह 10.30 से दोपहर 2.30 बजे तक बिजली गुल रही। जिसकी वजह से लोगों को दोपहर में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खास बात यह है कि 10.30 से बंद रही और उपभोक्ताओं के मोबाइल पर 1.30 बजे विद्युत बाधित का मैसेज आया। इस बारे में ना तो जवाबदार अधिकारी नागरिकों को समझ पा रहे हैं और ना ही आम नागरिकों को यह कहीं से पता चल पा रहा है कि इसका मुख्य कारण क्या है। नगर में आए दिन कहीं भी तार टूट जा रहे हैं, केबल जल जा रहे हैं या ट्रांसफार्मर में फाल्ट आ जा रहा है इसके अलावा करंट सप्लाई में भी परेशानी आ रही है। अधिकतर वार्डों में रात को लो वोल्टज की समस्या बनी रहती है। इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा के कारण परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है, जिसके कारण बार-बार बिजली गुल होने का समस्या आ रही है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में इन सब परेशानियों में कुछ कमी आएगी। कर्मचारी इस कार्य के लिए जोर-शोर से लगे हुए हैं और जल्द से जल्द व्यवस्था में सुधार होगा।

**रोजाना जारी है बिजली की आंखमिलोची**

जब से गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरु किया है विद्युत वितरण विभाग के पसीने छूटने शुरु हो गए हैं। ऐसा कोई दिन नहीं 3-4 बार बिजली की आंखमिचोली देखने को ना मिले। एक ओर वितरण विभाग कुछ वार्डों व बस्तियों को नए सब स्टेशन से जोड़ रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि इससे बिजली आपूर्ति सुचारु रुप से जारी रहेगी और लो वोल्टेज की समस्या भी नहीं रहेगी। हालांकि परिणाम ठीक इसके विपरीत है। जिन बस्तियों में नए सब स्टेशन से लाइन जोड़ी गई है वहां के लोग बिजली गुल की समस्या से अधिक परेशान हैं। इसके अलावा लो वोल्टेज की भी समस्या बनी हुई है। ऐसे में लोगों का कहना है कि पहले जिस सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति हो रही थी वही सही था।

**वोल्टेज अप डाउन से उड़ने लगे टीवी, फ्रीज**

कोसाबाड़ी सब स्टेशन से चंद कदमों की दूरी पर स्थित पोड़ीबहार में भी जब से खरमोरा सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति की जा रही है बिजली गुल होने की समस्या बढ़ गई है। मंगलवार की रात भी 10 बजे से लेकर 12.30 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही जिसकी वजह से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा दिन भर वोल्टेज कम ज्यादा होने की शिकायत भी सामने आ रही है। पिछले एक माह से वोल्टेज अप डाउन हो रहा है। अचानक वोल्टेज हाई होने से लोगों के घरों में टीवी व पंखे उड़ने लगे हैं।

---

## कबाड़ियों पर पुलिस की गिरी गाज
### पौने 4 लाख का कबाड़ जब्त


पुलिस गिरफ्त में जप्त वाहन एवं कबाड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाइन रामपुर पुलिस की टीम को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि न्यू गोल्डन ब्राउन कलर 6 कच्चा आईचर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीजे 7229 के चालक गुलशन कुमार महोबे के द्वारा अपने वाहन में अवैध रूप से लोहे का कबाड़ परिवहन कर ले जाने वाला है। इस सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहान के साथ जैन पब्लिक स्कूल के पास गोढी रोड कोरबा में दबिश देने पर उक्त वाहन में 10 टन लोहे का कबाड़ कीमती लगभग 3 लाख 70 हजार रुपए भरा हुआ पाया गया जो वाहन चालक के द्वारा उक्त लोहे के कबाड़ के संबंध में दस्तावेज पेश नहीं करने पर उक्त लोहे का कबाड़ को धारा 102 के तहत जप्त किया गया है। उक्त जप्तशुदा वाहन क्रमांक आईचर वाहन कमांक सीजी 12 बीजे 7229 में लोहे के कबाड़ में रेल्वे का लोहे का सामान रखा होना पाया गया है। उक्त कबाड़ में रेल्वे का 2 नग फिस प्लेट मय 4 नग नट बोल्ट सहित 1 हिल ब्लाक क्लोसिग एवं 11 नग रेल स्क्रू होना पाया गया है। प्रकरण को बिलासपुर रेल्वे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

**खास बात**
- पुलिस और रेलवे की संयुक्त कार्यवाही

---

# बारिश से पूर्व सड़कों के गड्ढे का भराव मरम्मत कार्य कराएं पूर्ण : अजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने जिले में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में सड़क सुरक्षा से संबंधित किए गए प्रयास, सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण, दुर्घटना नियंत्रण के उपाय व सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सड़क दुर्घटना रोकने, ओवर स्पीडिंग को नियंत्रित करने तथा आवश्यक सुरक्षा साधनों का उपयोग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बारिश से पूर्व सड़कों के गड्ढों का भराव, आवश्यक मरम्मत, यथा स्थान संकेतक, ब्लिंकर अनिवार्य रूप से लगाने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित ब्लैक स्पॉट स्थानों पर होने वाली सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन स्थानों पर रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था, स्पीड लिमिट बोर्ड, रंबल स्ट्रीप, कैमरा, रोड मार्किंग जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस हेतु यातायात, परिवहन, एनएचपीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, विभागों को संयुक्त टीम बनाकर सभी ब्लैक स्पॉट स्थानों का निरीक्षण करने एवं प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया।

**खास बात**
- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सर्वमंगला ईमलीछापर मार्ग का मुद्दा उठा बैठक में**

कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता को सर्वमंगला-इमली छापर मार्ग में अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने एवं उरगा से भैंसमा मार्ग में यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक उपक्रम एसईसीएल गेवरा/दीपका/कुसमुण्डा के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हरदीबाजार-सरईसिंगार सहित एसईसीएल से संबंधित सभी सड़कों में बारिश से पूर्व गड्ढों का भराव और मरम्मत योग्य स्थानों में अनिवार्य रूप से मरम्मत कराने की हिदायत दी। जिससे बारिश के समय इन सड़कों में आवागमन सुगम बना रहे। साथ ही एसईसीएल खदान क्षेत्र की सड़कों से संबंधित लंबित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

---

# जिला पुलिस ने 1107 लोगों पर एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई, वसूले 1 करोड़ समन शुल्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बढ़ते यातायात दुर्घटनाओं को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना व चौकी प्रभारी को विशेष अभियान चलाकर ज़िले के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया जा रहा है और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के तहत ज़िले में शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करते हुए कुल 1107 लोगों के विरुद्ध 185 एमवी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

ज्ञात हो कि वर्ष 2022 में पूरे साल का आंकड़ा 529 था और वर्ष 2023 में मात्र 265 था। इस वर्ष मात्र साढ़े 5 माह में ही पिछले वर्षों की तुलना में क्रमशः 2 सौ प्रतिशत और 4 सौ प्रतिशत अधिक कार्यवाही की गई है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों को न्यायलय प्रस्तुत कर प्रत्येक प्रकरण में 10 हजार रुपए सम्मन शुल्क जमा कराया गया है। जिससे अभी तक 1 करोड़ 10 लाख 70 हजार रुपए शुल्क जमा कराया गया है। शेष में कार्यवाही लंबित है। पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया, पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक चौराहा एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर पेट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से जिले के सभी थाना क्षेत्र में कार्यवाही किया गया, लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान को चलाया गया, अभियान के तहत दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन, पिकअप ट्रक एवं ट्रेलर को चेक किया गया और उन्हें शराब पीकर वाहन न चलाएं और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे उनको समझाया गया एवं हिदायत भी दिया गया। पुलिस टीम के द्वारा आगे भी अवैध कारोबार एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पूर्णतः लगाम लगाने के लिए संगठित अपराधों के खिलाफ लगातार आगे भी कार्यवाही की जावेगी।

**खास बात**
- यातायात दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस के द्वारा शराप पीकर वाहन चलाने वालों पर की जा रही कार्यवाही


कार्यवाही करती पुलिस।

---

# रोजगार मेले में 18 कंपनी के लिए 134 छात्राओं ने कराया पंजीयन, 98 का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में कैम्पस प्लेसमेंट ड्राईव (रोजगार मेला) का आयोजन 19 जून को किया गया। मुख्य अतिथि राजेंद्र अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल सभा, रामसिंह अग्रवाल एवं श्रीकांत बुधिया पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल सभा के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुनील जैन बताया कि हमारा एक विजन रहा है जिस प्रकार से महाविद्यालय के पिछले 24 साल से संचालित है इसमें एक नया विजन शिक्षा के साथ ही हम रोजगार को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित है। क्योंकि हमारे महाविद्यालय के बच्चों को बेरोजगारी के इस दौर में भटकना न पड़े। यह इस क्षेत्र में हमारा एक सराहनीय प्रयास आज किया गया है। हमने 18 कंपनी के साथ प्लेसमेंट एजेंसी रोजगार मेला अवसर की शुरूआत की है। अगामी दिनों में भी बालको, एनटीपीसी और नेशनल व मल्टीनेशनल कंपनी एवं रायपुर, बिलासपुर जैसे बड़े शहरों से हम प्लेसमेंट एजेंसियों को बुलाएंगे। क्योंकि हमारा उनसे संपर्क हो रहा है और उन्होंने समर्थकता जाहिर की है तो आगामी समय में इससे बड़ा और भव्य रूप में हम हमारे महाविद्यालय के अंतिम वर्ष या जो पास हो चुके हैं ऐ भूतपूर्व छात्राओं के लिए वृहद स्तर पर भव्य रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। कैंपस में इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशन, महिंद्रा ऑटो सेंटर ,वानेक्स में का कैलिबर, रेड मून क्लब इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, सिटी डेंटल क्लिनिक, यूनिक इंटरनेशनल स्कूल, कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, दीप्ति चश्मा घर, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, बजाज केटीएम, ईगल विजन, मोंटेसरी एवं अन्य कंपनियों ने निभाई सहभागिता दी।




---

# नियमित नहीं हो रही पेयजल की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर पंचायत कटघोरा के वार्डों में पेयजल आपूर्ति नियमित नहीं होने से लोगों के सामने पेयजल का संकट शुरू हो गया है। प्रत्येक वार्ड के घरों में दिए गए नल कनेक्शन में पानी की आपूर्ति समय पर नहीं होने के कारण लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद किशोर दीवाकर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नगर पंचायत के वार्डों में नियमित रूप से पानी आपूर्ति की मांग की है। ज्ञापन में श्री दीवाकर ने बताया कि कटघोरा नगर पालिका के अंतर्गत वार्डों में पानी की आपूर्ति नगर से तीन किलोमीटर दूर घूघरी डेम से किया जाता है।

ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण बिजली हमेशा गोल रहने से घूघरी डेम से पानी की आपूर्ति नियमित नहीं हो पा रही है। लगातार पानी की आपूर्ति बाधित होने के कारण लोग परेशान नजर आ रहे हैं। श्री दीवाकर ने बताया कि ग्रामीण टाउन की बिजली को शहर से जोड़ दिया जाए तो पानी सप्लाई नियमित हो सकेगी और समस्या का निपटारा हो जाएगा। नगर पालिका सीएमओ के अनुसार फंड की कमी होने के कारण यह कार्य नहीं हो पा रहा है। पार्षद श्री दीवाकर ने बताया कि ग्रामीण टाउन के बिजली को शहर टाउन में जोड़ने के लिए 15 लाख 40 हजार का खर्च आएगा। पार्षद श्री दीवाकर ने बताया कि पिछले 5 वर्ष से क्षेत्र में बिजली की समस्या बनी हुई है।



ज्ञापन सौंपते पार्षद।

---

## एनटीपीसी कोरबा ने बालिका सशक्तिकरण अभियान समारोह समापन

# हम सब मिलकर ऐसी दुनिया बना सकते हैं, जहां हर लड़की चमक सके

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी कोरबा ने वर्ष 2019 में पहली बालिका सशक्तिकरण अभियानका आयोजन किया, जो युवा बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता की शुरुआत को दर्शाता है। यह दूरदर्शी कार्यक्रम समाज के उत्थान के लिए एक प्रतिबद्धता है, और यह अपनी शुरुआत से ही देश में 10 हजार 104 और जिले में 492 लड़कियों के सपनों को पूरा कर रहा है। बालिका सशक्तिकरण मिशन 2024 (जीईएम) की महीने भर की आवासीय ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का समापन करते हुए, एनटीपीसी कोरबा ने 19 जून को समापन समारोह का आयोजन किया।

जिले में 120 लड़कियों के लिए 21 से 19 जून तक पाठ्येतर और शैक्षणिक गतिविधियों और जीवन कौशल सत्रों को शामिल करते हुए महीने भर चलने वाले कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख राजीव खन्ना उपस्थित रहे। श्री खन्ना ने कहा कि हम सब मिलकर बदलाव ला सकते हैं। हम सब मिलकर ऐसी दुनिया बना सकते हैं, जहां हर लड़की चमक सके। उन्होंने कहा कि जीईएम कार्यक्रम के प्रति एनटीपीसी की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया और अपने प्रतिभागियों के लिए एक आशाजनक भविष्य गढ़ने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। यह मिशन एक अविश्वसनीय यात्रा रही है, जो सीखने, विकास और सशक्तिकरण के क्षणों से भरी हुई है। यह केवल एक कार्यक्रम का पूरा होना नहीं है, बल्कि इन युवा लड़कियों के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत है। जीईएम एनटीपीसी का एक प्रमुख सीएसआर मिशन है जो हर साल हजारों लड़कियों के जीवन में रंग भर रहा है, जिससे लड़कियों और समाज को सशक्त बनाया जा रहा है। यह पहल समुदाय के भीतर शैक्षिक सशक्तिकरण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। समापन समारोह में सभी महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, यूनियन और एसोसिएशन के पदाधिकारी, मैत्री महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती रोली खन्ना, मैत्री महिला समिति की वरिष्ठ सदस्य, टाउनशिप स्कूल के प्रधानाचार्य, एनटीपीसी कोरबा के कर्मचारी, जीईएम लड़कियों के माता-पिता उपस्थित थे।


कार्यक्रम की प्रस्तुति देती बालिकाएं।

### ठेकेदार कर रहे मजदूरों की जिंदगी से खिलवाड़

**कोरबा।** एनटीपीसी आवासीय परिसर में इन दिनों मरम्मत का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिसमें सैकड़ों मजदूर कार्यरत हैं। कहीं रोड मरम्मत तो कहीं बाउंड्रीवॉल निर्माण सहित रंग रोगन काम किया जा रहा है लेकिन इन कार्यों में से रंग रोगन करने में लगे मजदूरों के जिंदगी के साथ ठेकेदार खिलवाड़ कर रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी अनजान बना हुआ है। एनटीपीसी में बाउंड्री वॉल निर्माण से लेकर रंग रोगन का काम निजी कंपनी के द्वारा कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरते हुए बिना सुरक्षा के मजदूरों से काम कराया जा रहा। मजदूर से लेकर कर्मचारियों की प्रति सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एनटीपीसी सख्त है ये सुनने को तो जरूर मिलता है लेकिन देखने में इसका उल्टा ही नजर आ रहा है।

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कोरबा की बैठक मंगलवार को घंटाघर ओपन थियेटर में रखी गई थी। बैठक में संघ के विस्तार एवं सदस्यों की समस्याओ पर विचार किया गया। नये सदस्यों को सदस्यता दिलाई गई, साथ ही बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि प्रांताध्यक्ष प्रदेश के मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपकर आग्रह करे कि मध्यप्रदेश पुनर्गठन की धारा 49(6) को समाप्त करे तथा केन्द्र के समान जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत मंहगाई राहत भत्ता दे, जुलाई 23 से दिसम्बर 23 तक का बकाया एरियस दे, बैठक में नन्दराम बाविसटाले ने राजस्थान राज्य सरकार के समान छत्तीसगढ़ राज्य के पेंशनरों को भी उनके 61 साल अवधि पूरी होने पर पेंशन बेसिक मे 1 प्रतिशत वेतन वृद्धि मिलनी चाहिए का प्रस्ताव रखा। जिस पर सभी सदस्यों ने एकमत से कहा यह सुविधा पेंशनरों के हित में है मिलनी चाहिए। बैठक में अध्यक्ष आर के शर्मा, एस एस तोमर, आर के वर्मा, गोपाल प्रजापति, पी एल चौधरी, एन के नामदेव, जे एस, पोर्ते, नन्दराम बाविसटाले जे पी श्रीवास्तव, के आर टण्डन, टी पी चंद्रा, पी एल चौहान, आर एस चंदेल, ए के शुक्ला, के के दूबे, एम के मिश्रा, अजय पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

### ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में पीजीडीसीए की कक्षाएं प्रारंभ



**हरदीबाजार।** वर्तमान समय में कम्प्यूटर शिक्षा के महत्व से सभी अवगत हैं। हरदीबाजार ग्रामीण अंचल एवं निकट स्थित आदिवासी क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं के कल्याणार्थ उच्च शिक्षा विभाग रायपुर (छत्तीसगढ़ शासन) के निर्देशानुसार सत्र 2024-25 से शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा संचालित पीजीडीसीए (कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा) पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। इस सत्र में शासन द्वारा पाठ्यक्रम में 30 सीटें आवंटित की गयी हैं जिसके भविष्य में बढ़ने की संभावना है। जो विद्यार्थी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए इच्छुक हैं वे महाविद्यालय आकर गणित विभाग के विभागाध्यक्ष से संपर्क कर सकते हैं।

### अरुंधती राय पर यूएपीए लगाया जाना निंदनीय : सीपीआई

**कोरबा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड पवन कुमार वर्मा ने कहा है कि



दिल्ली के उपराज्यपाल ने एक 14 साल पुराने मामले में प्रसिद्ध लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता अरुंधति रॉय पर दिल्ली के उप राज्यपाल व्दारा यूएपीए लगाने की अनुमति देना निंदनीय है और उन पर लगे मुकदमें तत्काल वापस लिए जाएं। कामरेड वर्मा ने कहा है कि चौदह साल के बाद अरुंधती राय पर यूएपीए लगाया जाना दिल्ली के हुक्मरानों ने जनता के हक में उठने वाली आवाजों को दबाने की नई मुहिम का आगाज कर दिया है। अरुंधति रॉय पर मुकदमा चलाने, झूठे केस में उलझाने, विचारों की अभिव्यक्ति की आजादी को कुचलने सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं लेखकों के उत्पीड़न की पूर्व से चली आ रही नीति का ही हिस्सा प्रतीत होती है। लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने केंद्र सरकार की दमन की अलोकतांत्रिक कार्रवाई को खारिज किया है। पर इससे सबक लेने की जगह आज भी सरकार असहमति की आवाजों को कुचलने में लगी हुई है।

### विधायक ने 26 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**हरदीबाजार।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लिटियाखार में जिला खनिज न्यास से स्वीकृत दो विकास कार्यों का भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा किया गया। जिसमें लिटियाखार के नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण लागत राशि 19.50 लाख, मेन रोड से सरपंच घर की ओर सी सी रोड निर्माण लागत 7 लाख रुपए का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान विधायक प्रेमचंद पटेल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है जिले में मंत्री हैं और कटघोरा विधानसभा में आप सभी ने भाजपा का विधायक चुना है, पूरे विधानसभा में विकास अंतिम छोर तक पहुंचेगी। आप सभी का सहयोग से हम सभी मिलकर कटघोरा में विकास की कोई कमी नहीं होने देंगे। इस दौरान सरपंच रमेश कंवर, सचिव चंद्रकमल ठाकुर, उपसरपंच सागर सिंह उईके, बैगा छत्रपाल सिंह, तुल सिंह, छतलाल यादव, समार सिंह, महेंद्र, सरोज यादव, अमरीका बाई एवं दीलिप पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## प्रवेश के लिए पीजी कॉलेज में सर्वाधिक 200 सीट, सबसे कम सीट पाली में

# एडमिशन के लिए पोर्टल शुरू, ऑनलाइन आवेदन के साथ हॉर्ड कॉपी करना होगा जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नये शिक्षण सत्र के लिए कॉलेजों में एडमिशन का दौर मंगलवार को पोर्टल शुरू हो गया है। सबसे ज्यादा 200 सीट पीजी कॉलेज में छात्रों के लिए उपलब्ध है। इसके अलावा अन्य कॉलेजों में 100-100 सीट एडमिशन के लिए रखी गई है। प्रवेश के लिए छात्रों की भीड़ शहर के दो बड़े सरकारी कॉलेजों में उमड़ती है। पीजी कॉलेज में भीड़ जिले के सभी कॉलेजों में सबसे ज्यादा रहती है।

जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महाविद्यालय की संख्या बढ़ने के बावजूद प्रवेश लेने वाले छात्रों को राहत नहीं मिल रही है। कुछ हद तक शहरी क्षेत्रों के कॉलेजों में भीड़ जरूर कम हुई है, लेकिन प्रति वर्ष हायर सेकेंडरी परीक्षा पास करने वाले छात्रों की संख्या बढ़ती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के सभी कॉलेजों में प्रथम वर्ष में छात्रों के प्रवेश के लिए कहीं 100 सीट तो कहीं 80 सीट रखी गई है। ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को केवल प्रोफेशनल कोर्स में प्रवेश के लिए शहर आना पड़ता है। सभी प्रकार के प्रोफेशनल कोर्स पीजी कॉलेज में ही संचालित है। यही कारण है कि प्रोफेशनल कोर्स में प्रवेश लेने वाले छात्रों का रूझान पीजी कॉलेज की ओर ज्यादा रहता है। 18 जून से अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा एडमिशन के लिए पोर्टल शुरू कर दिया है। जिसमें छात्र ऑनलाईन आवेदन भर सकते हैं। इसके साथ ही हार्ड कॉपी कॉलेज में जमा करना अनिवार्य कर दिया गया है। जिले में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होते ही कॉलेज प्रबंधन भी प्रवेश को लेकर पूरी तैयारी कर लिया है। 14 अगस्त एडमिशन के लिए प्रतिवर्ष अंतिम तिथि रखी जाती है। उसके बाद विश्वविद्यालय की अनुमति से प्रवेश दिया जा सकता है।



फाइल फोटो

### इन कॉलेजों में इतनी सीट

| कॉलेज का नाम | प्रथम वर्ष (तीनों संकाय) |
|---|---|
| पीजी कॉलेज | 200 सीट |
| केएन कॉलेज | 120 सीट |
| पाली कॉलेज | 100 सीट |
| करतला कॉलेज | 100 सीट |
| दीपका कॉलेज | 80 सीट |
| बांकी कॉलेज | 100 सीट |
| हरदीबाजार कॉलेज | 120 सीट |
| बरपाली कॉलेज | 100 |

### जिले में कुल 19 कॉलेज

जिले में 10 शासकीय कॉलेज के साथ 2 अनुदान प्राप्त अशासकीय कॉलेज तथा 7 गैर अनुदान प्राप्त निजी कॉलेज शामिल है। इनके अलावा केएन कॉलेज और अग्रसेन कॉलेज में बीएड संकाय भी संचालित है। शासकीय कॉलेजों में प्रवेश के लिए छात्रों द्वारा पहली प्राथमिकता दी जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में कॉलेज के संचालन शुरू होने से छात्रों को एक बड़ी सुविधा मिली है। जिनमें शासकीय महाविद्यालय पाली, शासकीय महाविद्यालय भैसमा, शासकीय महाविद्यालय दीपका, शासकीय महाविद्यालय करतला, शासकीय महाविद्यालय बरपाली, शासकीय महाविद्यालय पाली, शासकीय महाविद्यालय ग्राम्य भारती हरदीबाजार, शासकीय महाविद्यालय हरदीबाजार शामिल है।

## रेत खनन पर प्रतिबंध के बाद भी घाटों का चीर रहे सीना, कर रहे अवैध परिवहन


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेत घाट से रेत खनन पर 15 जून से 15 अक्टूबर तक प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद बड़े पैमाने पर बेधड़क होकर रेत खोदी जा रही है। जिले के शहरी इलाकों,उपनगरों व ग्रामीण अंचलों में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (हरित विकास प्राधिकरण) के नियम कायदे बिल्कुल भी लागू नहीं होते। अगर भूले-भटके लागू हुए भी तो, सिर्फ और सिर्फ कागज में।

यहां पर्यावरण संरक्षण विभाग का मैदानी अमला गायब है, अवैध खनन-परिवहन रोकने के लिए गठित टास्क फोर्स की टीम नदारद है, पुलिस अधिकारियों ने अपना विभाग नहीं बताकर हाथ खींच रखे हैं और माइनिंग अमला संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। दिन भर तो अवैध काम तथाकथित रॉयल्टी, भंडारण अनुमति की आड़ में तो चलते हैं लेकिन रात का अंधेरा गहराने के साथ ही सन्नाटे को चीरते हुए बीच नदी में उतरकर जेसीबी के माध्यम से नदी का जिस तरह से सीना छलनी किया जा रहा है। वह बताने के लिए काफी है कि कानून-कायदे कितने भी बना लें नियम को तोड़ने वालों को कोई फर्क नहीं पड़ता। सर्वमंगला पुलिस चौकी और सिविल लाइन थाना क्षेत्र की सीमा में आने वाले हसदेव नदी तट के एक तरफ बरमपुर और दूसरी तरफ राताखार स्थित है। सर्वमंगला पुलिस चौकी से गुजर कर शराब भट्टी के बगल से होते हुए बरमपुर क्षेत्र के हसदेव नदी में जाकर रेत खोदी जा रही है और नदी के दूसरे छोर राताखार से भी रेत को सहूलियत के हिसाब से निकलकर रातों-रात आपूर्ति किया जा रहा है। रेत माफिया इस तरह चालाक हैं कि भंडारण की रेत को सुरक्षित रखा जा रहा है और नदियों से खोदी जा रही रेत को संबंधित लोगों को आपूर्ति की जा रही है। भंडारण की रेत बाद में खपाये जाने की नीति है, लेकिन सवाल यह है कि रात भर शहर के मुख्य मार्गो से होकर टीपर और ट्रैक्टर में रेत भरकर गुजरते हैं, गीली रेत का पानी सड़कों पर गिरते हुए उनके चोरी की कहानी बयां करता है।

## बाम्बे-हावड़ा रूट की 50 ट्रेंने रद्द, लक्जरी बसों का बढ़ा किराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बाम्बे हावडा रूट की 50 ट्रेनों के रद्द होने से शहर से यात्रा लंबी दूरी की यात्रा में जाने वाले यात्रियों में हड़कंप मच गया है। प्रतिदिन सैकड़ों टिकट कैंसल होने लगी है। वहीं शहर से गुजरने वाली लक्जरी बसों का किराया भी बढ़ गया है। मजबूरी में यात्री निजी वाहनों का सहारा ले रहे हैं उनकी भी बुकिंग रेट आसमान छू रही है। बेहाल यात्री आर्थिक संकट झेल रहे हैं।

औद्योगिक शहर कोरबा से लंबी दूरी की यात्रा में जाने वाले शहरवासियों ने दो माह पहले ही अपनी टिकट बुक कराई थी, किंतु रेलवे प्रबंधन द्वारा तकनीकी कारणों से बाम्बे हावडा रूट की 50 यात्री ट्रेनों के रद्द करने से इन ग्राड़ियों में सफर करने वाले शहर के यात्री परेशान हो गए हैं। मजबूरी में उन्हें आरक्षित टिकट को कैंसल करना पड़ रहा है। वहीं यात्रा पर जाने वाले यात्री लक्जरी बसों का सहारा ले रहा है। उनका भी किराया आसमान छू रहा है। कुछ यात्रियों ने तो बुकिंग की गाड़ियों से यात्रा कर रहे हैं वह भी उन्हें आर्थिक रूप से भारी पड़ रहा है। बोर्ड परीक्षओं के रिजल्ट के बाद अधिकांश अभिभावक अपने बच्चों को बड़ी संस्थाओं में प्रवेश दिलाने के लिए प्रदेश के बाहर बड़े महानगरों में जाते हैं। इस वर्ष भी बच्चों के कैरियर की तैयारी को लेकर अभिभावकों ने दो माह पूर्व अपनी टिकट बुक कराई थी। एकाएक ट्रेनों के कैंसल होने की जानकारी सामने आते ही हड़कंप मच गया है। मजबूरी में बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए उन्हें अन्य प्रदेशों की ओर जाने वाली लक्जरी बसों में सफर करना पड़ रहा है, उनका किराया 1000 से ऊपर जा रहा है। आमतौर पर सामान्य किराया 700 से 800 के बीच रहता था। जैसे ही ट्रेनें कैंसल होने की जानकारी सामने आई लक्जरी बस मालिकों ने भी किराए में एकाएक बढ़ोत्तरी कर दी।

### खास बातें

- प्रतिदिन कैंसल हो रही आरक्षित टिकट, यात्रियों में हड़कंप
- 9 जुलाई तक रद्द की गई है लंबी दूरी की गाड़ियां


बस स्टेंड में लगी यात्रियों की भीड़।

### ओडिशा, यूपी मार्ग में सर्वाधिक बसें

अन्य प्रदेशों की ओर जाने वाली लक्जरी बसों में सर्वाधिक संख्या ओडिशा, उत्तर प्रदेश जाने वाली गाड़ियों की है। वहीं वापसी के दौरान उत्तर प्रदेश से अधिकांश लेबर इन्हीं यात्री बसों से औद्योगिक शहर कोरबा पहुंच रहे हैं। ओडिशा, उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे प्रदेशों में जाने वाली लक्जरी बसों का किराया भी एक हजार से अधिक हो गया है। ओडिशा का किराया 1200 रूपये, वहीं बिलासपुर से चलकर कोरबा होते हुए रीवा जाने वाली यात्री बस का किराया 5600 रूपये है। इसी तरह वाराणसी और बिहार जाने वाली लक्जरी यात्री बसों का किराया भी सामान्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा लिया जा रहा है।

### सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में सामूहिक योग प्रदर्शन कल

**कोरबा।** 21 जून को जिले में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग प्रदर्शन का जिला स्तरीय कार्यक्रम सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में प्रातः 7 से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारी तय करते हुए प्राप्त दायित्वों का कुशलता से निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। इस कार्यक्रम हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई को नोडल अधिकारी एवं उप संचालक समाज कल्याण विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन हेतु मुख्य मंच, टेण्ट, गेट, कुर्सी, गद्दा, ध्वनि एवं साफ-सफाई की व्यवस्था का दायित्व आयुक्त नगर निगम कोरबा को सौंपा गया है। इसी प्रकार पेयजल की व्यवस्था कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा की जाएगी। अतिथि आमंत्रण एवं आमंत्रण पत्र का दायित्व जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खेल अधिकारी तथा जिला आयुर्वेद अधिकारी को दी गई है। मंच संचालन एवं योग प्रशिक्षक की व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपी गई है।

## वेतन भुगतान को लेकर सब स्टेशन कर्मियों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

33 व 11केवी सब स्टेशन में कार्यरत ठेका श्रमिकों का दो माह का वेतन भुगतान नहीं किया गया है। जिसकी वजह से ठेका कर्मियों के सामने रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। ठेका कर्मियों ने विद्युत अधीक्षण अभियंता से लंबित चार माह का वेतन और ईपीएफ व ईएसआई भुगतान करने की मांग की है। मांगे पूरी नहीं होने पर 22 से सामुहिक अवकाश की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि 33 व 11 केवी सब स्टेशन में कार्यरत ऑपरेटरों का हर माह की तरह इस बार भी दो माह का वेतन प्राप्त नहीं हुआ है और न ही 6 माह का बकाया बोनस है उसका भी भुगतान नहीं किया गया है। ठेका श्रमिकों ने पत्राचार के माध्यम से विभाग को सूचना दी गई है कि हमारा वेतन भुगतान नहीं किया है। ठेका श्रमिकों का कहना है कि यदि हमारा अप्रैल व मई माह एवं 6 माह का बोनस नहीं मिलता है तब तक ठेका श्रमिकों का सामुहिक अवकाश जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि एक माह के वेतन में काम नहीं किया करेंगे। ठेका श्रमिकों ने विभाग को तीन दिन का समय दिया है यदि तीन दिन के भीतर वेतन और बोनस का भुगतान नहीं किया जाता है तो सभी ऑपरेटर 22 जून से सामुहिक अवकाश पर चले जाएंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी विभाग की होगी।

## संसदीय क्षेत्र की समस्याओं का होगा समाधानः ज्योत्सना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

लोकसभा क्षेत्र से दूसरी बार निर्वाचित सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत, नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत प्रथम कटघोरा नगर आगमन पर अग्रसेन भवन पहुंचे जहां शहर कांग्रेस कमेटी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने उनका जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने कहा है कि यह मेरी जीत नही बल्कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जीत है, जनता ने भाजपा की राष्ट्रीय नेत्री को हराकर मुझे फिर से सेवा के लिए सांसद चुना है। वे शोर मचाते रहे और हम खामोशी से अपना धर्म निभाते हुए सेवा करते रहे। उन्होंने कहा कि कोरबा लोकसभा के विकास में कोई राजनीति नहीं होगी, सबका साथ लेकर सामूहिक पहल करेंगे। पूरे संसदीय क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान के लिए पूरी इच्छाशक्ति से मिलकर काम होगा। आम जनता के लिए दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे। शहर कांग्रेस कमेटी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा अग्रसेन भवन में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, पूर्व कटघोरा विधायक पुरुषोत्तम कंवर, हरीश परसाई, सांसद प्रतिनिधि लालबाबू ठाकुर, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव लखन पाल, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अशरफ मेमन, रतन मित्तल अध्यक्ष नगर पालिका, वरिष्ठ कांग्रेस नेता इश्तियाक खान, पार्षद संजय अग्रवाल, घनश्याम आलवानी, रमेश पटेल, रथ राम कंवर, भवना जयसवाल, राज जायसवाल, राजेश्वरी जात्रा, जय नारायण कंवर, रविंद्र मोहन बघेल तथा बड़ी संख्या कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### खास बात

- सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत का कांग्रेसियों ने किया स्वागत


नेता प्रतिपक्ष व सांसद का स्वागत करते कांग्रेसी।

### ट्रैक्टर स्कूल भवन से टकराया, चालक की मौत

**दरिमा।** ईंट परिवहन कर रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे खाई में उतर गया। ट्रैक्टर के गिरने के कारण चालक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खर्राडांड निवासी ग्राम छिंदकालो ईंट लने आ रहा था मोतीपुर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर रोड से नीचे उतर गया। ट्रैक्टर से गिरने के कारण ड्राइवर की मौत हो गई। बुधवार की सुबह 9 बजे खैरागढ़ से शुभदेव पिता शिवलाल (15वर्ष), अनुज (16वर्ष) आयुष एवं एक अन्य किशोर के साथ जयलाल अगरिया (16वर्ष) ट्रैक्टर से ईंट लेने छिंदकालो जा रहा था। मोतीपुर के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर रोड से नीचे उतर गया तथा स्कूल भवन से टकरा गया। चालक शुभदेव की नीचे गिरने से घटना स्थल पर ही मौत हो गयी तथा साथियों को भी चोटें आई है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना परिजन एवं पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में काम करने वाले मजदूर एवं चालक नाबालिग थे। चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सड़क दुर्घटना में...

ही दर्दनाक मौत हो गई। अन्य राहगीरों व साथियों ने डायल 112 के माध्यम से सीपत अस्पताल लाया गया जहां नवीन अनंत को स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। नवीन अनंत के पिता जय नारायण अनंत है। वे रिटायर्ड छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में मैनेजर थे नवीन की धर्पत्नी भी शिक्षक है जो हरदीबाजार भांठापारा प्राथमिक शाला में अपनी सेवा दे रही है। उसका एक 6 वर्ष का पुत्र है। वहीं अन्य तीन शिक्षकों को बलौदा में प्राथमिक उपचार किया गया, नवीन अनंत पाली ब्लॉक के डिंडोलभांठा प्राथमिक शाला में शिक्षक के पद पर थे। सीपत थाना के द्वारा वैधानिक कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम कर उसके परिजन को सौंप दिया गया है।

### रिश्वत से जुटाई...

कार्यवाही की गई है। इस पूरे मामले में निगम अधिकारियों के मध्य हडकंप मचा हुआ है और यही भय सता रहा है की अगला नंबर किसका होगा। वही नगर पालिका निगम के दोनों अधिकारियों को पुलिस न्यायालय में प्रस्तुत कर रिमांड में लेने की कोशिश करेगी। ताकि उनसे पूछताछ कर सके। संबंधित अधिकारियों के भ्रष्टाचार का कनेक्शन कहां तक जुड़ा है जिसका खुलासा हो सके। इन दोनों अधिकारियों के साथ और किनकी भागीदारी है इसकी भी तह तक पहुंचने की कोशिश एसीबी की टीम कर रही है। रिश्वत की आय से कितनी संपत्ति बनाई है इसका ब्यौरा खंगाला जा रहा है। पड़ताल की जा रही है कि उनकी जितनी सरकारी वेतन है उनके मुताबिक उन्होंने किस पैमाने पर सुख सुविधाओं का आयोजन किया है। अमूमन देखा जाता है कि रिश्वत लेते पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल कर दिया जाता है, लेकिन इस बार न्यायालय से सर्च वारंट की अनुमति लेकर संपत्ति की भी जांच की जा रही है। दोनों घुसखोर अधिकारियों की संपत्ति की जांच उपरांत आय से अधिक संपत्ति का मामला भी दर्ज हो सकता है।

**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अगहन कुमार यादव उम्र 36 वर्ष पिता छत्रपाल यादव जाति यादव निवासी वार्ड क्र. 06 देव नगर दीपका तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम बतारी पहन. 49 रा.नि.म. दीपका तहसील दीपका जिला कोरबा स्थित भूमि ख.न. 19/10 रकबा 0.607 हे भूमि को प्रस्तावित क्रेता ऋषीपाल सहारन उम्र 48 वर्ष पिता श्री अमर सिंह सहारन जाति जाट निवासी सी/28 गरूण नगर दीपका तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के पास विक्रय करने की अनुमति प्रदाय किये जाने बाबत् कलेक्टर महोदय कोरबा के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत करने पर प्रकरण दर्ज होकर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसके लिए इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 05/07/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेष कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 19/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईष्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

फार्म 37
[नियम 61 (3 देखें)]
मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)
पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय कोरबा
रेफरी संख्या 204 दिनांक 03.06.2024
श्री साधु राम यादव (रजिस्टर्ड/मालिक) है/एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाईनेंस कंपनी लि. (Financio) है/ने सूचित किया है कि उसने/उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या सीजी 12 ए.डब्लू 9392 एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद/पट्टे/उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफॉल्ट के कारण हाइपोथेकेशन, और
1. आपने उसे/उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।
2. आप फरार हो गए हैं।
उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके/उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।
अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2(3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51(5) के साथ।
तारीख 03.06.2024
पंजीकरण प्राधिकरण का हस्ताक्षर
जो भी अनुचित हो, स्ट्राइक आउट करें।
सेवा
फाइनेंसर श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी लि.
इंदिरा कमर्शियल काम्प्लेक्स, टीपी नगर कोरबा (छ.ग.)
वाहन स्वामी :- साधुराम यादव पावर रोड महावीर नगर, कोरबा टाउन पाली, कोरबा (छ.ग.)

**आम सूचना/ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हरगोविंद अग्रवाल पिता स्व. भागीरथी अग्रवाल निवासी सी/104, रियल हैवेन अपार्टमेंट मंगला चौक बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ जो कि मेरे भाईयो क्रमशः बसंत लाल अग्रवाल लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, कांता देवी अग्रवाल, गायत्री देवी अग्रवाल, दुर्गा अग्रवाल, दिलिप अग्रवाल, पवन अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, रूखमणी अग्रवाल अंजु अग्रवाल, अनिकेत अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल इन समस्त व्यक्तियों के द्वारा तहसीलदार कटघोरा के समक्ष राजस्व प्रकरण क्रमांक 202204050700030/अ-6/2021-2022 अंतर्गत धारा 178 छ.ग.भू.रा.संहिता के अंतर्गत खाता विभाजन हेतु आवेदन प्रस्तुत किये जिसका खसरा नंबर निम्नानुसार है- ग्राम कटघोरा में स्थित भूमि खसरा नंबर 1413, 1419/2 रकबा 0.571 हे0 एवं 0.038 हे0 खसरा नंबर 535, 750/4, 766/6 रकबा क्रमशः 0.306, 0.085, 0.061 हेक्टेयर एवं ग्राम नवागांव तह0 कटघोरा में स्थित भूमि खसरा नंबर 132/3 क, 156/2 क (शामिल 163/1) रकबा 0.133, एवं 0.136 हेक्टेयर जिस पर मुझे सूचना नहीं दिया गया और मेरे हस्ताक्षर एवं सहमति नही ली गई उक्त आदेश दिनांक 19.05.2022 के विरूद्ध मेरे द्वारा माननीय अनुविभागीय अधिकारी रा. कटघोरा के समक्ष अपील प्रस्तुत किया जिसका अपील प्रकरण क्रमांक 202204050700030/0502/अ-27/2022-2023 जिस पर माननीय अनुविभागीय अधिकारी रा0 कटघोरा द्वारा दिनांक 20.05.2024 को अपील स्वीकार करते हुए तहसीलदार का आदेश दिनांक 19.05.2022 को निरस्त किया गया। इसलिए यह ईश्तहार सर्व साधारण को सूचना हेतु प्रकाशित कराया जा रहा है, कृपया उपरोक्त खसरा नंबरो की भूमि जो शामिल शरीक है और बंटवारा नही हुआ है ऐसी स्थिति में क्रय-विक्रय या अनुबंध करना कानून विवर्जित है अगर कोई उक्त भूमि के बाबत् कोई लेन देना विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित करता है तो विधि विरूद्ध होगा एवं क्रेता को किसी प्रकार का कोई हक्र अधिकार प्राप्त नही होगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी क्रेता की होगी। सो सूचना जाने
दिनांक 12/6/2024
भवदीय
**हरगोविंद अग्रवाल**
पिता स्व. भागीरथी अग्रवाल निवासी सी/104, रियल हैवेन अपार्टमेंट मंगला चौक बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 7746021210

## कोरबा मार्केट

**अपना फार्मेसी**
डॉक्टर सेवा उपलब्ध
डॉ.प्रियंका गोयल
MBBS, DGO Gold Medalist
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गर्भाशय की कैंसर, गर्भनिरोधक परामर्श एवं अन्य स्त्री रोगों की परामर्श एवं ईलाज
शाम 4 से 6 बजे तक
डॉ.बी.के. झलरिया
MBBS
फैमिली एवं जनरल फिजिशियन
मधुमेह, रक्तचाप, दम, बुखार, शारीरिक कमजोरी एवं अन्य सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
शाम 5 से 7 बजे तक
डॉ.स्नेहा चंद्रा
B.A.M.S.
प्रातः 9.30 से 2.00 बजे तक
सर्दी, खांसी, बुखार, श्वांस रोग, चर्म रोग, सफेद दाग, नसों व जोड़ों में दर्ज, मधुमेह, शिशु रोग का उपचार
निहारिका, कोरबा
मो.9340230710



**अग्रवाल एजेंसी**
कोरबा, कटघोरा
99263 62800
98930 06380

**विद्यार्थी बचत योजना**
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, M.Com Msc व PET NEET, JEE की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये
**विद्यार्थी बुक डिपो**
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

